तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 14 जून 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


2 सेटअप के अभाव में स्वास्थ्य केन्द्र बदहाल

## खबर संक्षेप

### 16 जून से ही प्रारंभ होगा नया शैक्षणिक सत्र

**अम्बिकापुर।** लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का संचालन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 जून से प्रारंभ होगा। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों में प्रसारित की जा रही यह सूचना कि नया शैक्षणिक सत्र 1 जुलाई से शुरू होगा, पूरी तरह असत्य, भ्रामक एवं फर्जी है। लोक शिक्षण संचालनालय ने विद्यार्थियों, पालकों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों से आह्वान किया है कि वे केवल शासन एवं विभाग द्वारा जारी अधिकृत सूचनाओं पर ही विश्वास करें तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट एवं भ्रामक खबरों से सावधान रहें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि 1 जुलाई से शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने संबंधी कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को ध्यान में रखते हुए सभी विद्यालयों में निर्धारित तिथि से शिक्षण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

### केन्द्रीय जेल के 100 मीटर दायरे को घोषित किया गया रेड जोन

**अम्बिकापुर।** केन्द्रीय जेल अंबिकापुर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा जेल परिसर में प्रतिबंधित सामग्री की संभावित आपूर्ति को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल अंबिकापुर तथा मुख्यालय जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, रायपुर से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में यह आदेश जारी किया गया है। केन्द्रीय जेल अंबिकापुर चारों ओर से आवासीय बस्तियों से घिरा हुआ है, जिससे असामाजिक तत्वों द्वारा ड्रोन अथवा अन्य हवाई माध्यमों से जेल परिसर में प्रतिबंधित सामग्री पहुंचाए जाने की आशंका बनी रहती है। जारी आदेश के अनुसार केन्द्रीय जेल अंबिकापुर की मुख्य दीवार के बाहर 100 मीटर की परिधि को रेड जोन एवं नो-फ्लाई जोन घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में ड्रोन, गुब्बारे तथा किसी भी प्रकार के विमानन उपकरणों के उड़ान संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अतिरिक्त जेल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ड्रोन, गुब्बारे अथवा अन्य हवाई उपकरणों के माध्यम से किसी भी प्रकार की हवाई फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### कीटनाशक पीने से महिला की मौत, लगाया जबरन जहर पिलाने का आरोप

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने पति द्वारा मारपीट कर जबरन जहर पिलाने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पटना थाना अंतर्गत ग्राम रेडुवा निवासी आरती साहू पति दिनेश साहू (32 वर्ष) 10 मई को कीटनाशक पी लिया। परिजन महिला को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। आरती की सास जारो बाई ने पुलिस को बताया कि जब वह पुराने घर से नए घर जा रही थी तभी मारपीट करने का आवाज सुनी थी। इधर मृतिका के पिता पंडोपारा निवासी हंस साहू ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी की शादी 2021 में दिशे के साथ हुआ। शादी के दो साल बाद ही दिनेश उसके साथ मारपीट करने लगा था। 10 मई को दामाद दिनेश ने फोन कर आरती को अपने घर ले जाने की बात कही जिस पर हंस साहू ने आधे घंटे में आने की बात कही। कुछ समय बाद दामाद ने फोन कर बताया कि आरती ने जहर पी लिया है और उसे अस्पताल लेकर जा रहे है। अस्पताल में जब पिता हंस साहू पहुंचा और बेटी आरती से पूछताछ की तो आरती ने बताया कि पति ने उसके साथ मारपीट कर उसे जबरन जहर पिला दिया है। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात अग्रिम जांच के लिए डायरी संबंधित थाने भेजने की तैयारी में है।

### रामगढ़ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के बैनर तले हुई परिचर्चा

# प्रभावित क्षेत्र नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एकजुट होकर लड़ना है : टीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- जंगलों को बचाने बनी साझा रणनीति

शनिवार को हसदेव अरण्य और रामगढ़ को बचाने के लिए एक साझा आंदोलन की शुरुआत हो गई है। रामगढ़ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के बैनर तले इस आंदोलन का आगाज किया गया। इस परिचर्चा में प्रदेश के विभिन्न खनन प्रभावित क्षेत्रों से लोगों के साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के चारों ओर आज प्राकृतिक संसाधनों की लूट की शुरुआत हो चुकी है।

इतने कोल, बाक्साइड और लौह खदान खुलने वाले हैं जिसकी संख्या हाथों पर आप नहीं गिन सकते। जिस उदयपुर और हसदेव क्षेत्र में केंद्र में कांग्रेस की सरकार रहते उस समय के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के मांग पर केवल एक कोल खदान को अनुमति दी गई थी और यह कहा गया था कि इसके आगे इस क्षेत्र में नई खदानें नहीं खोली जा सकती, कई नियम और नई खदानों को अनुमति नहीं मिल सकती इसकी लक्ष्मण रेखा खींच दी गई थी। उसे केंद्र में भाजपा की सरकार बनते ही रावण को घर में घुसाने लक्ष्मण रेखा को ही मिटा दिया गया। आज 1 के स्थान पर कई खदानें खुल गई और लगभग 23 खदानें चिन्हांकित हैं। केते एक्सटेंशन को मंजूरी के बाद अब हमारे रामगढ़ का अस्तित्व संकट में है। पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि आप सब ही बताइए कि कौन और कहां ऐसा करता है कि ऐतिहासिक मंदिर के स्थान पर नई भव्य मंदिर बनवाए तो ये समझ लीजिए ये सरकार की कुटिल चाल है जो ऊपर से मूर्ति को लाकर यहां स्थापित करेगी। सरकार भी यह मानती है कि रामगढ़ में दरारें आ रही है तभी सरकार भव्य मंदिर बनाने भूमिपूजन कर रही है। पत्थरों में सरकार ने लिखवा रखा है बच कर रहिए चट्टानों में दरारें हैं। टीएस सिंहदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों उत्तर से दक्षिण और फिर कई दिशाओं में सरकार खदान खोलने लगातार काम कर रही है। हमें समझना होगा लड़ाई केवल उन क्षेत्रों में नहीं लड़नी जहां लोग प्रभावित हैं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में हमें एकजुट होकर लड़ना है। लड़ाई, संघर्ष में हिस्सा जब तक हर जिले में शुरू नहीं होगा। हम सब इन बड़े पूंजीपतियों को नहीं सकेंगे। हम सब इन्हें तभी पराजित कर सकते हैं जब राज्य के अलग-अलग कोने में, अलग-अलग जिले में चल रहे आंदोलन, संघर्ष हर जिले का हो जाए, सभी एकजुट हो जाएं। टीएस सिंह देव ने उदयपुर ब्लॉक के विभिन्न गांवों से आये लोगों से पूछा कितने लोगों को अडानी में नौकरी मिली। हमारा जमीन, जल, जंगल, घर, परिवार सब बर्बाद हो रहा है और नौकरी बाहर वाले कर रहे हैं। यदि कुछ विकास हो, कुछ अच्छा हो तो एक बार समझ में आये, सबकुछ बर्बाद कर के हम अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए क्या छोड़ना चाहते हैं ये हम सब के लिए सोचनीय है। उन्होंने देश के अलग-अलग कोने में लेह-लद्दाख से लेकर दक्षिण भारत में चल रहे संघर्ष का उदाहरण दिया और कहा कि सामने एक बड़ी ताकत है जिसके लिए सरकार और पूरा सरकारी तंत्र काम कर रहा है, हम तभी जीतेंगे जब एकजुट होंगे। आज कि आप सबकी उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि आप सब आंदोलन को बल देना चाहते हैं। सर्व आदिवासी समाज के विनोद नागवंशी ने कहा की हम समृद्ध धरती के बेरोजगार लोग हैं। जहां के खनिज पर कोई और अधिकार हासिल कर कमाई कर रहा है, लेकिन हम कुछ नहीं कर पा रहे, ऊपर से आवाज़ उठाने पर हम पर ही कार्रवाई हो जाती है। यह समस्या केवल सरगुजा की नहीं है यह पूरे छत्तीसगढ़ की है, पूंजीवाद का जोर इतना तेज हो गया है देश पर की सरकार इनके आगे घुटने टेके बैठी है। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर सामाजिक कार्यकर्ता रमाकांत ने कहा कि दुनिया में सुई से लेकर बड़े औजार तक बनाने वाला मजदूर है और सबको पालने वाला, पेट भरने वाला अन्नदाता किसान है। और देश में सबसे ज्यादा परेशान यही दोनों लोग हैं। इस राज्य से कर्क रेखा गुजरी है जहां साल और सागौन के वृक्ष काफी संख्या में हैं, जिन्हें लगातार काटा जा रहा है। यदि इसी तरह हसदेव जंगल कटता रहा तो कोरबा, बिलासपुर तक जल संकट का सामना करेंगे। यह लड़ाई समूचे छत्तीसगढ़ के अस्तित्व की लड़ाई है। हसदेव बचाव मंच के आलोक शुक्ला ने कहा कि केते एक्सटेंशन के जरिए 5000 एकड़ में 7 लाख पेड़ कटेंगे। जबकि यह एक निर्धारित माप के हैं, इसमें छोटे पौधे, कम मोटाई के पौधे शामिल ही नहीं हैं। 4 लाख हेक्टेयर के क्षेत्र में बांगों से सिंचाई होती है। आगे भकूरमा एवं तारा कोल क्षेत्र में भी लगभग 20 हजार एकड़ में पेड़ों का कटना है। ऐसे में यदि हम एकजुट नहीं हुए तो रामगढ़ सहित कई चीजें, कई जल स्त्रोत खत्म हो जाएंगे। यह अडानी और सरकार की बड़ी साजिश है। कार्यक्रम को रामगढ़ संरक्षण एवं संवर्धन समिति एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों से जुड़े लोगों ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान रामगढ़ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के सिद्धार्थ सिंहदेव, राजनाथ सिंह, ओम प्रकाश सिंह, रायगढ़ के अनिल अग्रवाल, हरिहरपुर की सुनीता पोर्ते, सामाजिक कार्यकर्ता गंगा राम पैंकरा, ए आर कोरार्म, सुदेश टिकम सहित कई लोगों ने परिचर्चा में अपनी बातें रखीं।


कार्यक्रम में शामिल पूर्व डिप्टी सीएम सहित अन्य जनप्रतिनिधि।

### आने वाली पीढ़ी के लिए लड़ाई : बैज

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने परिचर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि जब-जब आदिवासियों पर कोई मुसीबत आयी, जब-जब इनका जल, जंगल, जमीन उनसे छीना गया, आदिवासियों से एक न एक नेता निकला जिन्होंने विद्रोह किया। वीर नारायण सिंह, वीर गुंडाधूर जैसे कई उदाहरण हैं। तब अंग्रेजों के विरुद्ध देश के लिए लड़ाई लड़ी थी, आज अपने भविष्य और आने वाली पीढ़ी के अच्छे जीवन के लिए हमें लड़ाई लड़ना है। उन्होंने कहा कि शांति पूर्वक प्रदर्शन करने वाले आम नागरिकों को उकसा कर उन पर कार्रवाई की जाती है। लड़ाई, संघर्ष किसका है यह न देखते हुए हर संघर्ष में हमें आवाज़ देना है, सम्मिलित होना है, बस्तर से लेकर सरगुजा तक कि लड़ाई में सम्मिलित होकर हमें अपने जल, जंगल, जमीन की रक्षा करनी है। सभी के एकजुट प्रयास से ही ऐसी बड़ी ताकतों को दबा पायेंगे। लोकतंत्रात्मक तरीके से गांधी जी के बताये मार्ग पर चल कर हमें जीतना है।

### देश पर कंपनी राज हावी : मनीष

यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा ने कहा कि अंग्रेजी कंपनी के विरुद्ध हमने एक लड़ाई देश को आजाद करने लड़ी थी और सबकी एकजुटता ने देश को आजादी दिलाई। आज फिर से देश पर कंपनी राज हावी है जो देश के हर हिस्से में देश की पूरी तंत्र पर ही कब्जा करना चाहता है। जल, जंगल, जमीन, हवाई अड्डा, पोर्ट, रेल सब पर उन्हें कब्जा चाहिए। कभी भी कोई कंपनी इस देश की मालिक नहीं हो सकती। देश की मालिक यहां की जनता है। मुझे आज एक चीज देख कर खुशी हुई कि जिनके पास अत्याधुनिक साधन, संसाधन की कमी है, जिन्हें गरीब कहा जाता है, आदिवासी कहा जाता है उनके पास इन कंपनियों और जन विरोधी सरकार के विरुद्ध लड़ने का साहस है। लेकिन हम सब जिन बड़े शहरों में रहते हैं, जिनके पास सारे संसाधन हैं वे सरकार के विरुद्ध बोल नहीं पाते। मुझे आप सबको देख कर यह लग रहा है कि निश्चित ही आप सब की एकजुटता कंपनी और सरकार को पराजित कर सकती है।

## आसमान से धरती के नीचे छिपे गौड़ खनिज का खजाना खोज रहा विमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- नियमित रूप से सरगुजा में लगा रहा चक्कर

सरगुजा में इन दिनों आसमान में काफी नीचे से उड़ता हुआ विमान चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रतिदिन विमान आसमान से शहर सहित पूरे सरगुजा के चक्कर लगा रहा है। इसे लेकर अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक भारत सरकार द्वारा धरती के नीचे छिपे हुए गौड़ खनिज की खोज की जा रही है। इसके लिए कंपनी को टेंडर दिया गया है और कंपनी का विमान नियमित रूप से सर्च कर रहा है।

बता दें कि इन दिनों सरगुजा के आसमान पर नियमित रूप से एक विमान चक्कर लगाता नजर आ रहा है। विमान काफी नीचे से उड़ान भरता है जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। आसमान में उड़ान भरते विमान को लेकर जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार उक्त विमान भारत सरकार का है और भारत सरकार के माइनिंग विभाग द्वारा जमीन कर नीचे मौजूद अर्थ मिनरल्स की खोज के लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इस हेतु भारत सरकार द्वारा कंपनी को टेंडर दिया गया है और कंपनी का आधुनिक तकनीकों से लैस विमान नियमित रूप से उड़ान भर रहा है। विमान निर्धारित क्षेत्र में ही उड़ान भरता है। फिलहाल यह सर्वे जारी रहने की बात कही जा रही है।



### हीराकुंड से भरता है उड़ान

बताया जा रहा है कि भर सरकार का उक्त विमान वर्तमान में मध्यप्रदेश के जबलपुर और उड़ीसा के संबलपुर अंतर्गत हीराकुंड से उड़ान भरता है। सरगुजा की सीमा में आने के बाद विमान मां महामाया एयरपोर्ट के एटीसी से सम्पर्क करता है। विमान का संचालन मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा दे भी किया जाना था लेकिन मानसून सीजन के कारण विमान के उड़ान भरने में दिक्कत आ सकती है। ऐसे में मानसून सीजन समाप्त होने के बाद सरगुजा से ही विमान का संचालन किए जाने की बात कही जा रही है।

## सोनवाही स्थित स्टेट हाईवे में पिकअप वाहन पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- नीचे दबकर अधेड़ ग्रामीण की हुई मौत

ग्राम सोनवाही स्थित बनारस अंबिकापुर स्टेट हाइवे मार्ग पर आज शनिवार की सुबह एक पिकअप वाहन के अनियंत्रित होकर पलट गई, इस दौरान वाहन के नीचे दब जाने से एक अधेड़ ग्रामीण की मौत हो गई है।

लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम गंगापुर निवासी 55 वर्षीय रामललन कँवर भगवानपुर निवासी विष्णु मंडल के पिकअप वाहन में काम करता था,शनिवार की सुबह पिकअप वाहन मछली व्यापार के सम्बन्ध में भगवानपुर जा रहा था, इसी दरम्यान अंबिकापुर-बनारस स्टेट हाइवे मार्ग पर ग्राम सोनवाही में चालक देवनारायण द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में वाहन में दबकर राम ललन कंवर की मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर लटोरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत परिजन के सुपुर्द किया एवं मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।



## एनएच पर बस चालक-परिचालक से लूट के मामले में चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर/बलरामपुर

- नाकेबंदी के दौरान चकमा देकर हो गए थे फरार

बलरामपुर जिले के थाना कोतवाली बलरामपुर पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस चालक और परिचालक के साथ मारपीट एवं लूट की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन भी जब्त कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 जून को दलधोवा घाट स्थित शिव मंदिर के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोती श्री बस को रोककर कुछ युवकों ने बस चालक और कंडक्टर के साथ मारपीट की तथा लूट की घटना को अंजाम दिया था। वारदात के बाद आरोपी बोलेरो वाहन क्रमांक यूपी 64 एटी 6717 में सवार होकर फरार हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना बलरामपुर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के तुरंत बाद जिले से लगे सभी सरहदी थानों में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश की गई लेकिन रात के अंधेरे और आसपास के जंगलों का फायदा उठाकर आरोपी पुलिस को चकमा देने में सफल हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम गठित कर आरोपियों की लगातार तलाश की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मुख्य आरोपी जितेन्द्र गुप्ता थाना पटना, जिला कोरिया क्षेत्र में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उसे पकड़कर थाना बलरामपुर लाया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूछताछ की। पूछताछ में ⏭ शेष पेज 4 पर



### जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक 16 को

**बलरामपुर।** जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) अंतर्गत शासी परिषद की बैठक 16 जून को शाम 4 बजे संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिले की ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों, जिला पंचायत, नगरीय निकायों, शासकीय विभागों, मंडल-निगमों तथा राज्य एवं केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों से प्राप्त विकास कार्यों एवं परियोजनाओं के प्रस्तावों तथा विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत योजनाओं एवं परियोजनाओं के अनुमोदन संबंधी विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही वार्षिक कार्ययोजना, पंचवर्षीय परिदृश्य योजना तथा डीएमएफ मद से संचालित एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजना को अंतिम रूप देने पर विचार-विमर्श किया जाएगा।



## पुलिस ने 50 लाख के 293 मोबाइल फोन नागरिकों को किए वापस

- विभिन्न जिलों व राज्यों से ट्रेस किए गए थे गुम मोबाईल

**सूरजपुर।** जिले की पुलिस ने गुम मोबाईल के लिए विशेष अभियान चलाकर 50 लाख रुपए के 293 गुम मोबाईल बरामद करने में सफलता हासिल की है। इन मोबाईल को उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए गया हैं। यह कार्रवाई डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में की गई। अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन व गुम मोबाईल नोडल अधिकारी एसडीओपी अभिषेक पैंकरा का मार्गदर्शन रहा। साइबर सेल प्रभारी जावेद मियादाद के नेतृत्व में साइबर सेल टीम ने जिले के सभी थाना-चौकी स्टाफ के साथ मिलकर गुम मोबाइलों को ट्रेस किया। मोबाइलों की खोज सेंट्रल इक्यूपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल की तकनीकी सहायता से की गई। पुलिस ने विभिन्न जिलों और राज्यों से मोबाइल बरामद किए। इनमें एप्पल, सैमसंग, ओप्पो, विवो, रेडमी, वन प्लस जैसी कंपनियों के महंगे स्मार्टफोन शामिल हैं। 12 जून को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने नागरिकों को उनके गुम मोबाईले सौंपे गए। इस दौरान एसएसपी श्री ठाकुर ने कहा कि तकनीक के बेहतर उपयोग और सतत अभियान के जरिए गुम मोबाइलों की बरामदगी तथा साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण का प्रयास लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई में आरक्षक युवराज यादव, रौशन सिंह, विनोद सारथी, दधिबल राजवाड़े व राय सिंह सक्रिय रहे।

### साइबर अपराध पर भी दी सलाह

सूरजपुर पुलिस ने नागरिकों से आह्वान किया है कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत सीईआईआर पोर्टल या नजदीकी थाना एवं साइबर सेल में सूचना दें। साथ ही साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

### अतिथियों ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने किया आह्वान

# स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांतीय विचार वर्ग का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वाधान में प्रांतीय विचार वर्ग एवं कार्यशाला का शुभारंभ शनिवार को किया गया। कार्यशाला में प्रदेश के सभी संभागों के कार्यकर्ता, केंद्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधियें ने भागीदारी की।

कार्यक्रम में जगदीश पटेल ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने के लिए स्वदेशी चिंतन और स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने आगामी कार्ययोजनाओं पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय संयोजक सुधीर दाते ने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक अवधारणा नहीं, बल्कि राष्ट्र के सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक पुनर्जागरण का सशक्त माध्यम है। मंत्री राजेश अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल एवं स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन हेतु किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों के उपयोग एवं स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देकर ही भारत विश्व अर्थव्यवस्था में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय संसाधनों के सदुपयोग तथा रोजगार सृजन में स्वदेशी की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता एवं देश के प्रख्यात अर्थशास्त्री प्रो.अश्विनी महाजन ने वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों, भारत की आर्थिक संभावनाओं तथा स्वदेशी आधारित विकास मॉडल पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारत के पास विश्व की सबसे बड़ी युवा शक्ति, विशाल बाजार एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। हम स्थानीय उत्पादन, नवाचार, कौशल विकास एवं उद्यमिता को प्राथमिकता दें तो भारत शीघ्र ही विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेज गति से आगे बढ़ सकता है। उन्होंने विदेशी निर्भरता कम करने तथा भारतीय उद्योगों और उत्पादों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहित करने तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका का संकल्प लिया। यह प्रांतीय विचार वर्ग एवं कार्यशाला आगामी सत्रों में स्वदेशी अर्थनीति, रोजगार सृजन, उद्यमिता विकास, स्थानीय उत्पादन, शिक्षा कृष एवं सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर गहन चर्चा एवं प्रशिक्षण के साथ आगे बढ़ेगी। इस अवसर पर स्वदशी के पदाधिकारी दिनेश पाटिल, सुब्रत चाकी, दिग्विजय भाकरे, उमेश पासवान, संजय चौबे, सुमन मुथा, तजिन्दर बग्गा, उपेन्द्र यादव, किरण सिंह, ठाकुर राम राजवाड़े, योगेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### विश्व रक्तदाता दिवस आज जागरूकता का देंगे संदेश

**मनेन्द्रगढ़।** रक्तदान को महादान कहा जाता है और यह केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। हर वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। यह दिवस उन लाखों स्वैच्छिक रक्तदाताओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का अवसर है, जो निःस्वार्थ भाव से रक्तदान कर जरूरतमंद लोगों को नया जीवन प्रदान करते हैं। साथ ही यह दिवस सुरक्षित, पर्याप्त और नियमित रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने का भी संदेश देता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2004 से विश्व रक्तदाता दिवस मनाने की शुरूआत की।

### मजदूर सभा का रक्तदान शिविर आज

**बैकुण्ठपुर।** विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी 14 जून विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर कोयला मजदूर सभा हिंद मजदूर सभा बैकुंठपुर क्षेत्र द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महामंत्री योगेन्द्र मिश्रा ने बताया कि शिविर का आयोजन 14 जून को सुबह 10 बजे से एसईसीएल बैकुंठपुर गौतम सदन एसईसीएल कॉलोनी बैकुंठपुर में किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी नागरिकों, कर्मचारियों एवं युवाओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में सहभागी बनें। रक्तदान महादान एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन में नई उम्मीद दे सकता है।

### देवगढ़ रेंज से 18 नग लकड़ियां जब्त

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया वन मंडल अंतर्गत देवगढ़ रेंज में वन विभाग ने अवैध रूप से परिवहन की जा रही लकड़ी से भरे एक ट्रक को जब्त किया है। विभागीय टीम को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। जांच के दौरान ट्रक में करीब 18 नग मोटी रखी लकड़ी के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वाहन को जब्त किया गया। वन विभाग मामले की पूछताछ में जुटा हुआ है। आरोपी के विरुद्ध मामले में वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर डीएफओ श्रीमती प्रभाकर खलखो भी अपनी टीम के साथ मौजूद रहीं। विभाग ने अवैध कटाई और लकड़ी तस्करी पर रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी बढ़ाने की बात कही है।

### पोखरी में मिला युवक का तैरता शव

**डोमनहिल।** चिरमिरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 34 कुरासिया कालरी अंडरग्राउंड के समीप तुर्रा के पास स्थित पोखरी में बुधवार सुबह एक युवक का तैरता हुआ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पोखरी में पानी भरने पहुंचे कुछ लोगों ने शव को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव की पहचान फेकू दफाई निवासी अजय सिंह के रूप में की है। पुलिस के अनुसार मृतक नशे का आदी बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में शव करीब दो-तीन दिन पुराना होने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया है। वहीं मामले को जांच में लेकर घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### बैकुण्ठपुर में पेट्रोल संकट अधिकांश पंप ड्राई

**बैकुण्ठपुर ।** जिला मुख्यालय में 12-13 जून को पेट्रोल की किल्लत ने वाहन चालकों की परेशानी बढ़ा दी। शहर के लगभग अधिकांश पेट्रोल पंपों में पेट्रोल उपलब्ध नहीं होने से पंप ड्राई हो गए, जिसके कारण लोग इंधन के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए। जानकारी के अनुसार महलपारा स्थित एक पेट्रोल पंप पर ही पेट्रोल उपलब्ध था। इसके चलते वहां वाहन चालकों की भीड़ जमा हो गई। कई लोग अपने वाहनों में पेट्रोल भरवाने के लिए घंटों इंतजार करते दिखाई दिए। अचानक पेट्रोल की कमी से सबसे ज्यादा परेशानी दैनिक आवागमन करने वाले लोगों, कर्मचारियों, व्यापारियों और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले वाहन चालकों को उठानी पड़ी। कई वाहन चालक पेट्रोल नहीं मिलने के कारण अपने जरूरी काम भी प्रभावित होने की बात कहते नजर आए।

---

एक नर्स के भरोसे संचालित होता है कामकाज, अब भवन होने लगा जर्जर

# सेटअप के अभाव में स्वास्थ्य केन्द्र बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



जिले के नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 6 स्थित एक स्वास्थ्य केन्द्र सेटअप के अभाव में बदहाल होते जा रहा है। चरचा क्षेत्र की हजारों की आबादी को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित यह केन्द्र करीब एक वर्ष से चिकित्सकों के बिना संचालित हो रहा है, जिससे मरीजों को उपचार के लिए बैकुंठपुर सहित अन्य स्थानों का रूख करना पड़ रहा है।

वर्तमान में यहां एक नर्स के भरोसे स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हो रहा है। वार्ड के स्थानीय लोगों का कहना है कि कोरोना महामारी के दौरान यह स्वास्थ्य केन्द्र क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ था। अस्पताल की उपयोगिता को देखते हुए कांग्रेस शासनकाल में तत्कालीन विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव ने इसे 20 बिस्तरीय अस्पताल के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। हालांकि कई वर्ष बीत जाने के बाद भी यह घोषणा केवल कागजों तक सीमित है और अस्पताल का विस्तार नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रदेश में सरकार बदलने के बाद भी






अस्पताल की स्थिति में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ। न तो डॉक्टरों की नियमित व्यवस्था की गई और न ही अस्पताल के उन्नयन की दिशा में ठोस पहल हुई। वहीं क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार नहीं किया गया तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए विवश होना पड़ेगा। स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित चरचा क्षेत्र के लोगों की निगाहें अब शासन और प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

### भवन भी होने लगा जर्जर

अस्पताल भवन की स्थिति भी चिंताजनक बताई जा रही है। भवन की दीवारों में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं और कई हिस्से जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि भवन की मरम्मत और रख-रखाव की ओर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे भविष्य में किसी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

### नए केन्द्र के लिए सेटअप तैयार है

शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 6 में स्थित स्वास्थ्य केन्द्र के लिए शासन स्तर पर कोई सेटअप ही नहीं है। चरचा कॉलरी में नए उप स्वास्थ्य केन्द्र का सेटअप तैयार है। क्षेत्रवासियों को शीघ्र ही इसका लाभ मिलने लगेगा।

-डॉ. प्रशांत सिंह,सीएमएचओ कोरिया

---

# रामगढ़ चोरी का खुलासा आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बैकुंठपुर।** जिले की सोनहत पुलिस ने चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल और नगदी समेत कुल 66 हजार 200 रूपए का सामान बरामद किया गया है।



गिरफ्तार आरोपी।

■ सोने-चांदी के जेवर मोबाइल समेत 66 हजार का सामान बरामद

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रामगढ़ निवासी उमाशंकर साहू 7 जून को मेहमानी में मनेन्द्रगढ़ गए हुए थे। घर पर उनकी पत्नी अकेली थी। शाम करीब 7 बजे पत्नी घर के दरवाजे में ताला लगाकर पड़ोस में गई थी। करीब आधे घंटे बाद वापस लौटने पर घर का सामान बिखरा मिला और पेटी खुली हुई थी। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर घर से सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल और नगदी चोरी कर ले गए हैं। मामले की रिपोर्ट पर थाना सोनहत पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पतासाजी शुरू की। पुलिस ने संदेही राकेश कुमार गुप्ता पिता श्रीपथ गुप्ता उम्र 28 वर्ष निवासी रामगढ़ एवं एक अपचारी आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक जोड़ी सोने की बाली कीमत 10 हजार 200 रूपए, तीन नग सोने के मंगलसूत्र कीमत 18 हजार रूपए, एक चांदी का कमरधनी कीमत 25 हजार रूपए, रेडमी कंपनी का एंड्राइड मोबाइल कीमत 10 हजार रूपए तथा नगद 3 हजार रूपए कुल 66 हजार 200 रूपए का सामान बरामद कर जब्त किया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुर्रे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे एवं एसडीओपी राजेश साहू के निर्देशन में इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सोनहत विनोद पासवान, उप निरीक्षक राजाराम राठिया, उप निरीक्षक नीलमणी कुजूर, प्रशिक्षु उप निरीक्षक धलेन्द्र प्रसाद भारती, आरक्षक निखलेश राजवाड़े, आरक्षक शिव पटेल, सहायक आरक्षक उमेन्द्र सिंह एवं समयलाल का योगदान रहा।

---

# नवविवाहित महिलाओं को मिले कथित नकली मंगलसूत्र



शिकायत बताती महिलाएं।

**मनेन्द्रगढ़।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ शहर के अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत वितरित किए गए कथित नकली मंगलसूत्र के मामले को अत्यंत गंभीर बताते हुए कलेक्टर को पत्र लिखकर उच्चस्तरीय जांच एवं दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

ब्लॉक अध्यक्ष श्री मिश्रा ने पत्र में उल्लेख किया है कि 10 फरवरी को विकासखंड खड़गवां के चनवारीडांड स्थित महामाया मंदिर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 179 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया था। अब अंजना दयाल सहित अन्य महिलाओं द्वारा आरोप लगाया गया है कि उन्हें विवाह के दौरान जो मंगलसूत्र प्रदान किया गया था, वह चांदी का न होकर गिलट का है। यदि यह आरोप सत्य है तो यह केवल आर्थिक अनियमितता नहीं बल्कि नवविवाहित महिलाओं की अस्मिता, सम्मान और भावनाओं के साथ किया गया गंभीर खिलवाड़ है। ब्लॉक अध्यक्ष श्री मिश्रा ने बयान में कहा कि सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि जिस सरगुजा संभाग में यह मामला सामने आया है, वहीं से महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े आती हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी इसी संभाग से हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और पूर्व केन्द्रीय मंत्री जैसे वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के क्षेत्र में यदि महिलाओं के लिए संचालित योजना में इस प्रकार के भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं तो यह सरकार की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। भाजपा सरकार के इतने बड़े नेताओं की मौजूदगी और जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में भी यदि गरीब परिवारों की बेटियों के अधिकारों और सम्मान से जुड़े मामलों में अनियमितताएं सामने आ रही हैं, तो यह अत्यंत चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिला सम्मान और सुशासन के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन यदि नवविवाहित महिलाओं को कथित रूप से नकली मंगलसूत्र दिए जा रहे हैं तो यह उन दावों की वास्तविकता को उजागर करता है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि उसकी नाक के नीचे यह सब कैसे हुआ और इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है। श्री मिश्रा ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराई जाए।

---

# नगरीय निकायों के इंजीनियरों ने उठाई पदोन्नति की मांग, शासन को सौंपा ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** छग के नगरीय निकायों में कार्यरत तकनीकी अधिकारियों और अभियंताओं ने अपनी वर्षों पुरानी सेवा संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर शासन का ध्यानाकर्षित किया है।


छग अर्बन इंजीनियर्स एसोसिएशन ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव को ज्ञापन सौंपकर पदोन्नति, वरिष्ठता निर्धारण, रिक्त पदों की पूर्ति और तकनीकी अधिकारियों के अधिकारों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर त्वरित निर्णय लेने की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि राज्य में नगर निगमों तथा नगरपालिका एवं नगर पंचायतों में कार्यरत अभियंताओं की सेवा संरचना में लंबे समय से असमानता बनी हुई है। एक ही भर्ती प्रक्रिया और समान मेरिट सूची से चयनित अधिकारियों को केवल पदस्थापना के आधार पर अलग-अलग अवसर मिल रहे हैं, इसके चलते कई वरिष्ठ अधिकारी वर्षों से पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं, जबकि उनसे कम मेरिट वाले अधिकारियों को उच्च पदों पर पदोन्नत किया जा चुका है। ज्ञापन में मांग की गई है कि नगर निगम संवर्ग और नगरपालिका संवर्ग के अधिकारियों की संयुक्त वरिष्ठता सूची तैयार कर पदोन्नति प्रक्रिया को पारदर्शी और न्याय संगत बनाया जाए। यदि यह संभव नहीं हो तो दोनों सेवाओं का पूर्ण पृथक्करण कर अधिकारियों की पदस्थापना और पदोन्नति उसी आधार पर की जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो। अभियंताओं ने भी कहा है कि नगरपालिका सेवा में सहायक अभियंता और कार्यपालन अभियंता जैसे महत्वपूर्ण पदों का अभाव है, जिसके कारण कैरियर उन्नति प्रभावित हो रही है। एसोसिएशन ने विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक शीघ्र आयोजित कर लंबित पदोन्नतियों को पूरा करने तथा आवश्यक पदों के सृजन की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नगरीय निकायों में मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता सहित कई वरिष्ठ तकनीकी पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। इन पदों के रिक्त रहने से विकास कार्यों की गुणवत्ता और तकनीकी निगरानी प्रभावित हो रही है, ऐसे में रिक्त पदों पर योग्य अधिकारियों को तत्काल पदोन्नति देकर नियुक्त करने की आवश्यकता बताई गई है। एसोसिएशन ने तकनीकी अधिकारियों के वेतन भुगतान को राजस्व वसूली से जोड़ने की व्यवस्था पर भी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि अभियंताओं का मुख्य कार्य निर्माण कार्यों की योजना, क्रियान्वयन, गुणवत्ता नियंत्रण और तकनीकी परीक्षण करना है, इसलिए उनके वेतन भुगतान को राजस्व संग्रहण से जोड़ना उचित नहीं है। इसके अलावा गोपनीय चरित्रावली सीआर/एपीएआर के मूल्यांकन में भी सुधार की मांग की गई है। अभियंताओं का तर्क है कि तकनीकी अधिकारियों का मूल्यांकन तकनीकी विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा ही किया जाना चाहिए, ताकि उनकी कार्यक्षमता का सही ऑकलन हो सके। छग अर्बन इंजीनियर्स एसोसिएशन ने शासन से उच्च स्तरीय समिति गठित कर सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करने और तकनीकी अधिकारियों की सेवा संबंधी विसंगतियों को दूर करने की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि समय रहते समाधान नहीं होने पर प्रदेशभर के अभियंता व्यापक आंदोलन की रणनीति भी बना सकते हैं।

---

# कोयला-कबाड़ चोरी रोकने पर कामगारों पर पथराव, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल के कोलांचल क्षेत्र में कोयला और कबाड़ चोरी की बढ़ती घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि अब चोरी का विरोध करने वाले कर्मचारियों और कामगारों पर भी हमले किए जा रहे हैं।



घायल कर्मचारी।

■ चरचा में चोरों के हौसले बुलंद

शनिवार सुबह चरचा माइन आरओ में हुई एक घटना ने क्षेत्र में व्याप्त असुरक्षा की स्थिति को उजागर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह ड्यूटी पर तैनात कामगारों पर कुछ असामाजिक तत्वों एवं कथित चोरों ने अचानक पथराव कर दिया। अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारियों को अपनी सुरक्षा के लिए इधर-उधर भागना पड़ा। पथराव की इस घटना में एक कामगार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कर्मचारी को तत्काल उपचार के लिए चरचा स्थित रीजनल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकीय जांच में उसके पैर की हड्डी टूटने की पुष्टि हुई। डॉक्टरों के अनुसार घायल को लंबे समय तक उपचार और आराम की आवश्यकता होगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई महीनों से क्षेत्र में कोयला और कबाड़ चोरी की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। चोर रात के अंधेरे के साथ-साथ दिनदहाड़े भी सक्रिय नजर आ रहे हैं। कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाया है। अब स्थिति यह है कि अपराधियों ने कर्मचारियों को ही निशाना बनाना शुरू कर दिया है। घटना के बाद श्रमिकों और कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि जब कार्यस्थल पर ही उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं है, तो वे भयमुक्त होकर अपने दायित्वों का निर्वहन कैसे कर सकते हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। वहीं क्षेत्रवासियों और श्रमिक संगठनों ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं।

उनका कहना है कि चोरी और आपराधिक गतिविधियों की लगातार शिकायतों के बावजूद अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। लोगों का मानना है कि समय रहते सख्त कार्रवाई की जाती तो इस प्रकार की घटना को रोका जा सकता था। घटना के बाद श्रमिकों, स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन तथा एसईसीएल प्रबंधन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

---

# शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण हटाया गया



**सोनहत।** ग्राम पंचायत सोनहत में तेंदूपत्ता गोदाम के पास शासकीय भूमि पर किए जा रहे कथित अवैध निर्माण को शनिवार को प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद हटाया गया। इस दौरान पुलिस की मौजूदगी में ग्रामीणों और विभिन्न संगठनों के लोगों ने निर्माणाधीन ढांचे को गिराने में सहयोग किया।

जानकारी के अनुसार सोनहत-केशगवां मार्ग पर हसदेव नदी पुल के समीप तेंदूपत्ता गोदाम के बगल स्थित शासकीय भूमि पर पिछले दो दिनों से निर्माण कार्य चल रहा था। इसकी सूचना मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों एवं संगठनों ने शनिवार सुबह तहसीलदार सोनहत को इसकी जानकारी दी। शिकायत के बाद तहसीलदार ने पुलिस को मौके पर भेजकर निर्माण कार्य रूकवाने के निर्देश दिए। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद निर्माण कार्य बंद करा दिया गया। इस दौरान मौजूद कुछ ग्रामीणों ने स्वयं निर्माणाधीन ईंटों को हटाना शुरू कर दिया। बाद में बुलडोजर की सहायता से पूरे निर्माण को हटाकर भूमि को खाली करा लिया गया। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण किया जा रहा था। उनका कहना है कि निर्माण कराने वाले कुछ लोगों ने पूर्व में धर्म परिवर्तन किया था तथा उनके द्वारा चर्च निर्माण की तैयारी की जा रही थी।

---

चिरमिरी में पैदल मार्च और थाना निरीक्षण कर दिए सख्त निर्देश

# सड़क पर उतरीं पुलिस कप्तान, पेट्रोलिंग से अपराधियों में खौफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह ने मोर्चा संभाल लिया है। जिले की कमान संभालने के बाद एसपी लगातार क्षेत्र में सक्रिय नजर आ रही हैं।

इसी क्रम में उन्होंने चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में रात्रिकालीन पेट्रोलिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और चिरमिरी थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। चिरमिरी के संवेदनशील और व्यस्त क्षेत्र बड़ा बाजार में एसपी श्रीमती सिंह ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। इस



पेट्रोलिंग का निरीक्षण करती पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह।

दौरान उन्होंने आम लोगों और व्यापारियों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। एसपी के खुद सड़क पर उतरकर पेट्रोलिंग करने से पुलिस जवानों मेंभी सक्रियता नजर आई। निरीक्षण के दौरान एसपी ने सीएसपी दीपिका मिंज और थाना प्रभारी विजय सिंह की मौजूदगी में पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि क्षेत्र में जुआ, सट्टा, अवैध शराब और अन्य गैर कानूनी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों और गुंडा प्रवृत्ति के लोगों की सूची अपडेट कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। एसपी ने पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि केवल थाने तक सीमित न रहकर फील्ड में सक्रिय रहकर स्मार्ट पुलिसिंग को बढ़ावा दें। नए जवानों को भी क्षेत्रीय अनुभव और व्यवहारिक प्रशिक्षण देने पर जोर दिया गया।

गौरतलब है कि एसपी के द्वारा जिले के प्रमुख शहरों में लगातार पैदल मार्च और निरीक्षण किए जा रहे हैं, इससे पुलिस व्यवस्था में सक्रियता बढ़ी है और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस प्रशासन का सख्त रूख सामने आया है।

### लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने सोनहत एवं बैकुंठपुर अनुभाग अंतर्गत जिले की चारों तहसीलों के समस्त पटवारियों की बैठक लेकर राजस्व कार्यों की व्यापक समीक्षा की। बैठक में पटवारियों की समस्याएं सुनी गईं तथा उनके निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के संबंध में विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशील तरीके से निराकरण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने शिकायतों के परीक्षण, तथ्यात्मक प्रतिवेदन तैयार करने तथा निर्धारित समय-सीमा में प्रभावी निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी।



## खबर संक्षेप

### दिव्यांग बच्चों की पहचान एवं सर्वेक्षण हेतु आयोजित हुआ प्रशिक्षण

**सीतापुर।** दिव्यांग बच्चों की पहचान एवं सर्वेक्षण कार्य को प्रभावी बनाने समग्र शिक्षा अंतर्गत बीआरसी कार्यालय में मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान समावेशी शिक्षा बीआरपी मीना गुप्ता ने बीआरसी कार्यालक में होने वाले प्रशिक्षण के उद्देश्य पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों की पहचान,सर्वेक्षण प्रक्रिया,प्रपत्रों का सही संधारण, पात्र बच्चों का चिन्हांकन डेटा संकलन एवं समय समय पर सूचना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न शैक्षणिक एवं सहायक सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। एबीईओ अनिल मिश्रा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों की सही पहचान एवं समय पर सर्वेक्षण से उन्हें शासन की योजना एवं शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ दिलाने में आसानी होगी। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनरों को अपने अपने संकुल क्षेत्रों में प्रशिक्षण का प्रभावी प्रसार सुनिश्चित करते हुए सर्वेक्षण कार्य को निर्धारित समय मे पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारी एवं प्रतिभागियों ने दिव्यांग बच्चों का शत प्रतिशत चिन्हांकन एवं गुणवत्तापूर्ण सर्वेक्षण कार्य का सफलतापूर्वक करने की बात कही। इस अवसर पर एजुकेटर हेमलता पटेल, समावेशी शिक्षा लेखापाल प्रदीप गुप्ता, समेत विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयक एवं संकुल स्त्रोत शिक्षक समावेशी शिक्षा उपस्थित थे।

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जिले में चला विशेष जागरूकता अभियान

**सूरजपुर।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिले में बाल श्रम के पूर्ण उन्मूलन और बच्चों के अधिकारों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान अध्यक्ष,प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती विनीता वार्नर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री पायल टोपनो के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया। बच्चों के सुनहरे भविष्य को सुरक्षित करने के संकल्प के साथ इस अभियान को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग और श्रम विभाग के आपसी समन्वय से संयुक्त टीम गठित कर शहरी से लेकर ग्रामीण स्तर तक संचालित किया गया। संयुक्त टीम द्वारा जिले के विभिन्न संवेदनशील एवं प्रमुख व्यावसायिक स्थलों न्यू बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड परिसर, चंदरपुर क्षेत्र तथा विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों, होटलों, ढाबों और मोटर वाहन गैराजों में सघन जागरूकता एवं निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम ने होटल एवं गैराज संचालकों से सीधा संवाद कर उन्हें बाल श्रम अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी तथा स्पष्ट रूप से अवगत कराया कि बच्चों को काम पर रखना कानूनन दंडनीय अपराध है। बाल श्रम के खिलाफ इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए विशेष ग्रामीण स्तरीय जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इसके तहत ग्राम मट्टीगडा, धुरिया, लक्ष्मीपुर, जामदेई एवं चंदननगर में चौपालों और बैठकों के माध्यम से ग्रामीणों एवं अभिभावकों को समझाया गया कि वे बच्चों को मजदूरी में धकेलने के बजाय अनिवार्य रूप से स्कूल भेजें, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके।

### मायके से पत्नी के नहीं आने पर युवक ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम खम्हरिया निवासी हेमंत सिंह (28 वर्ष) डेढ़ दो सप्ताह पूर्व पत्नी रखे का उसके मायके पटना कोरिया गया था। जब पत्नी मायके पहुंच गई तो पति से एक माह रहने की बात कही जिसके बाद पति वापस घर आ गया। एक सप्ताह बाद पति अपने ससुराल पत्नी को लेने गया तो पत्नी के 3-4 दिन और मायके में रहने की बात कही। इसी बीच 11 जून को युवक परिजन से पत्नी को लेने जाने की बात कहकर घर से निकला और घर के कुछ दूर ही कीटनाशक पीकर बैठा था। युवक की तबीयत बिगड़ते देख उसके दोस्तों ने उसे घर पहुंचा दिया। परिजन युवक की हालत ज्यादा खराब होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 28 जून 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

## लगाया गया 14 हजार का जुर्माना

# सुरक्षा दृष्टि से की गई स्कूल बसों की जांच, 13 में मिली खामियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

**खास बात**
- दी गई समझाइश

स्कूल खुलने से पहले बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग व आरटीओ द्वारा स्कूल बसों की जांच हेतु अभियान चलाया गया। जिलेभर में चलाए गए अभियान के दौरान शंकरगढ़ और रामानुजगंज की कुल 13 बसों में कमियां पाइए गई। ऐसे में कमियों को दूर करने का निर्देश देने के साथ ही 14 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

बता दें कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला स्तरीय सडक सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर तथा एसपी द्वारा जिले भर में अभियान चलाकर स्कूल कॉलेज के बसों की जांच करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देश के तहत शंकरगढ़, रामानुजगंज एवं वाड्रफनगर में स्कूल बसों का विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान एसपी वैभव बैंकर के के मार्गदर्शन एवं एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के निर्देशन में जिला परिवहन, पुलिस एवं यातायात की टीम द्वारा संयुक्त रूप से शैक्षणिक संस्थानों के स्कूल/कॉलेज बसों की जांच हेतु बुलाया गया था। अभियान के तहत रामानुजगंज में 20 बसें, शंकरगढ़ में 17 बसें तथा वाड्रफनगर में 13 बसें कुल 50 बसों की जांच की गई। जांच में उपस्थित वाहनों का पंजीयन प्रमाण पत्र (आरसी बुक), मोटरयान कर जमा की रसीद, वाहन का परमिट,वाहन का फिटनेस प्रमाण पत्र, वाहन का बीमा प्रमाण पत्र, वाहन का प्रदूषण प्रमाण पत्र, चालक का अनुज्ञा पत्र, स्पीड गवर्नर, वाहन के मैकनिकल फिटनेस की जांच के अंतर्गत हेड लाईट, ब्रेक लाईट, पार्किंग लाईट, इंडिगेटर लाईट, स्टेयरिंग की स्थिति, टायर की स्थिति, वायपर, ब्रेक, हैंड ब्रेक, क्लच, एक्सीलेटर, सीट की स्थिति, हॉर्न, रिफ्लैक्टर इत्यादि की जांच की गई। उक्त जांच के दौरान स्कूल-कॉलेज बसों के लिए दिए गये दिशा-निर्देशों के पालन नहीं करने वालों पर आवश्यक चलानी कार्रवाई भी की गई। जांच में शंकरगढ़ मे 5, रामानुजगंज मे 8 बसों में खामी पाए जाने पर परिवहन विभाग द्वारा कुल 13 बसों पर 14 हजार रुपए का चालान काटा गया। इसके साथ ही संस्था प्रबंधक को खामी को जल्द से जल्द दूरूस्त करने हेतु निर्देशित किया गया है। वाहन जांच के दौरान वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया तथा उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह वाले चालकों को लगातार मेडिसीन का उपयोग करने एवं कमजोर दृष्टी वाले वाहन चालकों को चश्मा लगाने की सलाह दी गई। जांच के दौरान बसों में क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए।


स्कूल बसों की जांच करते अधिकारी।




# एकल शिक्षकीय विद्यालयों में हो अतिरिक्त शिक्षक की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- कलेक्टर ने ली स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

मंगलवार से एक बार फिर से शैक्षणिक सत्र शुरू होने वाला है और विद्यालय गुलजार होंगे। इस बीच जिले में स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता, सुविधाओं सहित अन्य तैयारियों को लेकर कलेक्टर अजीत वसंत ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान जिले में शिक्षा व्यवस्था और शैक्षणिक उपलब्धियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, डीईओ डॉ. दिनेश कुमार झा सहित सभी बीईओ शामिल हुए। इस दौरान बैठक में में शैक्षणिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन और विद्यार्थियों के बेहतर शैक्षणिक परिणाम सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। भवनविहीन विद्यालयों, विद्युतविहीन विद्यालयों की जानकारी ली गई तथा सूची उपलब्ध कराने निर्देश दिए, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके। उन्होंने सभी स्कूलों में लगाए गए न्यूज डेस्क की जानकारी लेते हुए कहा कि विद्यार्थियों में न्यूजपेपर पढ़ने की आदत डलवाएं। उन्होंने जिले में पुस्तकों एवं गणवेश की उपलब्धता की जानकारी ली तथा पर्याप्त संख्या में उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उन्होंने पूर्व शैक्षणिक सत्र में परीक्षा परिणाम की जानकारी ली। बैठक में परीक्षा परिणामों के आधार पर विद्यालयों के प्रदर्शन का आंकलन किया गया। उन्होंने बेहतर परिणाम देने वाले विद्यालयों की सराहना की, वहीं अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यालयों में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम की मॉनिटरिंग प्रत्यक्ष रूप से डीईओ स्तर पर की जाए। कलेक्टर ने जिले में शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि क्षेत्र का कोई भी विद्यालय एकल शिक्षकीय न रहे। जिन विद्यालयों में केवल एक शिक्षक कार्यरत हैं वहां जल्द अतिरिक्त शिक्षकों की तैनाती की की जाए। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में कम से कम 2 एवं माध्यमिक विद्यालयों में 3 शिक्षक अनिवार्य रूप से रहें।

कलेक्टर श्री वसंत ने डीईओ को निर्देश दिए कि आश्रम-छात्रावासों में रहने वाले ऐसे विशेष पिछड़ी जनजाति के बच्चों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराएं जो इस वर्ष कक्षा पांचवीं और आठवीं की परीक्षा दे रहे हों। उन्होंने कहा कि ध्यान रहे कि ये सभी बच्चे आगामी कक्षा छठवीं एवं नवमीं में अवश्य एडमिशन लें। उन्होंने कहा कि स्वयं मॉनिटरिंग करें और शाला त्याग की मंशा वाले बच्चों के अभिभावकों से मिलकर उन्हें प्रेरित करें।

### शाला प्रवेशोत्सव से पूर्व हो तैयारी पूरी

जिले में आगामी 16 जून से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत को देखते हुए कलेक्टर श्री वसंत ने सभी विद्यालयों में आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शाला प्रवेशोत्सव के सफल आयोजन के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि विद्यालय परिसरों की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, फर्नीचर तथा कक्षाओं की आवश्यक मरम्मत का कार्य समय रहते पूरा किया जाए। साथ ही विद्यार्थियों के स्वागत के लिए आकर्षक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण तैयार करने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने बच्चों के अपार आईडी निर्माण की प्रगति की समीक्षा की।उन्होंने सभी बीईओ को निर्देशित किया गया कि जिन विद्यार्थियों का जन्म प्रमाण पत्र बन गया है, उनका जल्द आधार कार्ड बनवाएं। उन्होंने विभागों के समन्वय से प्रमाण पत्र निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

### स्कोर्पियो वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक-युवती घायल

**राजपुर।** बलरामपुर- राजपुर मुख्य मार्ग पर शनिवार भोर में निर्माणाधीन नेशनल हाईवे पर राजपुर तहसील कार्यालय से 200 मीटर में हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल 108 वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जिगड़ी निवासी 22 वर्षीय प्रिंस अपनी साथी अल्बिना के साथ सेवारी से जिगड़ी की ओर बाइक से जा रहा था। शनिवार सुबह करीब 4.40 बजे जब वे तहसील कार्यालय से आगे निर्माणाधीन नेशनल हाईवे में जा रहे थे तभी झींगों की ओर से अंबिकापुर जा रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार प्रिंस और अल्बिना कई फीट दूर सड़क पर जा गिरे। हादसे में प्रिंस को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अल्बिना भी घायल हुई है। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल सहायता पहुंचाई और 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्रिंस की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही राजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक तौर पर हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना माना जा रहा है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-03**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.- /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन अनिल कुमार अग्रवाल आ.मोहरी लाल अग्रवाल व अन्य 01 निवासी देवेश्वर कॉलोनी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम नवागढ़ तहसील अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 109/19, 109/27,109/28 रकबा क्रमशः 0.042, 0.033, 0.009 हे. कुल ख.न. 03 कुल रकबा 0.084 हे. भूमि को अनावेदक आरिफ फिरदौसी आ.मो.कासिम फिरदौसी निवासी श्रीगढ़ अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास बिक्री करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में दि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 30/06/2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-03**

# स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने देर रात विधायक ने किया हॉस्पिटल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



नगर समेत क्षेत्रवासियों के इलाज का सबसे बड़ा केंद्र सौ बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने देर रात विधायक रामकुमार टोप्पो ने हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने सभी वार्डो का भ्रमण करते हुए इलाज हेतु भर्ती मरीजों का हालचाल जाना एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

हॉस्पिटल का निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई, कर्मचारियों की उपस्थिति, दवा की उपलब्धता एवं रात्रिकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि मरीजों के उपचार एवं देखरेख में कोई कमी न रहे यह जिम्मेदारी अस्पताल प्रबंधन की है।इस मामले में किसी तरह की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं कि जायेगी। विधायक ने कहा कि कभी कभी मरीजों के लिए इमरजेंसी के हालात बन जाते है ऐसी स्थिति में आप सभी पूरी तत्परता से अपना फर्ज अपनाए ताकि किसी मजबूर बेवश लाचार इंसान की जान बच जाए और आप जनता का विश्वास जीत सके।विष्णुदेव साय के सुशासन में जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हम सब की जिम्मेदारी है। इसमे जरा भी कोताही बरती गई तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के दौरान बीएमओ डॉ. एसएन पैंकरा चिकित्सक स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य उपस्थित थे।

## ग्राहकों के लिए बैक में हर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध : नागेंद

- छतीसगढ़ ग्रामीण बैंक में हुआ ग्राहक मिलन सम्मेलन का आयोजन

**डांड़गांव।** छतीसगढ़ ग्रामीण बैंक शाखा डांड़गांव में ग्राहक मिलन सम्मान समारोह का आयोजन बैंक प्रबंधन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रीजनल मैनेजर नागेंद्र सिंह एंव विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्रबंधक व्यवसाय धीरज सिंह एंव शाखा प्रबंधक डांड़गांव ओथय निल सुमी के उपस्थिति में शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर ग्राहकों को संबोधित करते हैं रिजनल मैनेजर नागेंद्र सिंह ने ग्राहकों को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में ग्राहकों को मिलने वाली हर सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बैंक ऐसी बैंक है जो ग्राहकों के विश्वनीयता पर खरा उतरने के साथ साथ देश में जितने भी नेसलाइज बैंक जो सुविधा देती वह सभी सुविधाएं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। ग्राहक को किसी प्रकार का लोन लेने जैसे होम लोन, वाहन लोन,एफ डी पर लोन, जमीन खरीदने के लिए लोन पढ़ाई के लिए लोन कृषि के लिए लोन,व्यवसाय के लिए महिला समूहों के लिए सहित अन्य लोन सेवायें उपलब्ध है। इसके अलावा बैंक में चालू खाता ,बचत खाता, सेविंग पल्स खाता खोलने के साथ साथ नेट बैंकिंग व्यवस्था में नेट बैंकिंग, ऑनलाइन बैंकिंग डिजिटल बेकिंग, लॉकर सुविधा उपलब्ध है।




वरिष्ठ प्रबंधक व्यवसाय धीरज सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान बसंत यादव, पवन साधे, मदन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, संत बिलास यादव, रमेश यादव, सुकुल राम, रिशु अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अरुण ताडे, शिवा यादव, राकेश सिंह, महिला समूह के सदस्य, ललित डेरियन, शिप्रा सिंह सोनू सिंह अन्य स्टाफ़ उपस्थित रहे।

उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते है। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते है एवं ट्रस्ट की वेबसाईट www.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026
सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर मो. 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल, महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल :- 9425547550

TOP IN SURGUJA

COURSES OFFERED:
UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
के आर टेक्निकल कॉलेज SINCE 2008 WWW.KRTC.CO.IN
(एक कौशल केन्द्रित स्नातकोत्तर महाविद्यालय)
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा से संबद्ध | छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN 2026-27
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
विद्यासागर छात्रवृत्ति अधिकतम 30% तक (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़ 9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ 9826183771

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल, सुरक्षित प्रसव सुविधा, बांझपन परामर्श एवं उपचार, पीसीओडी/पीसीओएस उपचार, महिला रोगों की जांच व इलाज, सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं, डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
हड्डी की सर्जरी आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध हैं
डॉ. प्राची जायसवाल M.B.B.S., D.G.O., FMAS
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

सरगुजा मार्केट

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 06 जून 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 14 जून 2026, रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

प्रतिदिन आपके शहर अम्बिकापुर में उपलब्ध...
न्यूरो एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. चंदन दूबे
MBBS, MS, MCH NEUROSURGERY (IPGME&R, KOLKATA)
मस्तिष्क एवं रीढ़ की निम्न समस्याओं में संपर्क करें
लकवा (स्ट्रोक), हाथ पैर में झुनझुनाहट, मिर्गी आना, गर्दन एवं कमर में दर्द माइग्रेन (सर दर्द), पार्किसन्स, चक्कर आना, हाथ पैर में कंपन, मस्तिष्क ट्यूमर सायटिका, मल्टीपल स्क्लेरोसिस, अल्जाइमर (याददाश्त खोना)
ब्रेन एवं स्पाईन उपचार एवं सर्जरी
• श्री महावीर हॉस्पिटल, सांई मंदिर के पास, गांधी नगर अम्बिकापुर 6263080332

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### अनधिकृत रूप से अनुपस्थित कर्मचारी को सेवा समाप्ति का नोटिस

**अम्बिकापुर।** डीईओ डॉ दिनेश झा द्वारा कार्यालय बीईओ अम्बिकापुर से 9 फरवरी 2022 से निरंतर बिना किसी सूचना के अनुपस्थित चल रहे कर्मचारी रामकुमार राजवाड़े को सेवा से पृथक किए जाने संबंधी अंतिम सूचना जारी की गई है। जारी पत्र के अनुसार भिट्ठीकला लोधिमा निवासी रामकुमार राजवाड़े के विरुद्ध लंबे समय से अनधिकृत अनुपस्थिति का प्रकरण लंबित था। इस संबंध में डीईओ ने विभागीय जांच संस्थित की गई थी। जांच के लिए प्राचार्य, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय गांधीनगर को जांच अधिकारी तथा प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर, अम्बिकापुर को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया था। विभागीय जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि संबंधित कर्मचारी को विभागीय जांच की सुनवाई हेतु दो बार सूचना पत्र जारी कर अपना पक्ष रखने का अवसर प्रदान किया गया, किन्तु वे निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं हुए और न ही अपने पक्ष में कोई अभिलेख प्रस्तुत किए। जांच अधिकारी ने प्रतिवेदन में उल्लेख किया है कि संबंधित अपचारी सेवक के विभागीय जांच में उपस्थित नहीं होने के कारण नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाना उचित है। विभागीय जांच के अंतिम निष्कर्ष एवं शासन के निर्देशों के आधार पर रामकुमार राजवाड़े को सेवामुक्त किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उन्हें अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निर्देशित किया गया है कि यदि वे इस संबंध में कोई पक्ष अथवा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना चाहते हैं तो 17 जून तक जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना बचाव प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि तक उपस्थित नहीं होने की स्थिति में उन्हें सेवा से पृथक किए जाने की कार्रवाई की जाएगी।

### समर कैंप में संचालित हो रही विविध गतिविधियां



**बिहारपुर।** गर्मियों की छुट्टियों को बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक, रचनात्मक और मनोरंजक बनाने के उद्देश्य से पीएम श्री प्राथमिक शाला महुली में समर कैंप का संचालन 7 जून से किया जा रहा है। इस 9 दिवसीय शिविर में बच्चों के लिए प्रतिदिन अलग-अलग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। बच्चों को शारीरिक और मानसिक विकास के लिए योग शिक्षक अनुराधा सिंह द्वारा प्रतिदिन सुबह योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराने के साथ ही विविध खेल गतिविधियां कराई जा रही है। बच्चों की रचनात्मकता को उभारने के उद्देश्य से शिक्षिका लोली कुंवर वर्मा के नेतृत्व में आर्ट एंड क्राफ्ट, पेंटिंग, मिट्टी के खिलौने, वेस्ट मटेरियल से उपयोगी वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खेल-खेल में बच्चों की भाषाई और गणितीय समझ को मजबूत किया जा रहा है साथ ही उन्हें अनुशासन, समय का सही प्रबंधन और पब्लिक स्पीकिंग जैसी लाइफ स्किल्स सिखाई जा रही है। प्रधानपाठक भागीरथी सिंह ने बताया कि समर कैंप का समापन 15 जून को किया जाएगा। इस दिन बच्चे शिविर के दौरान अपने हाथों से बनाई गई शिविर के अंतिम कलाकृतियों को प्रदर्शित करेंगे व छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## निधन

### कैलाश कुमार बुधिया



**अम्बिकापुर।** शहर के सदर रोड निवासी कैलाश कुमार बुधिया आ. रामा बाबू बुधिया का शुक्रवार को रायपुर में निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। वर्तमान में वे रायपुर में ही निवासरत थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को रायपुर देवेन्द्र नगर शमशान में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी श्रीमती अलका बुधिया पुत्र आदित्य बुधिया एवं पुत्री अनुति बुधिया का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### सदर बहादुर सिंह



**बिश्रामपुर।** ग्राम जयनगर बाजारपारा निवासी सदर बहादुर सिंह का शनिवार की सुबह हृदयाघात से निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार रेड़ नदी कुरुवां गांव स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जिन्हें मुखाग्नि इकलौते पुत्र वीरेंद्र सिंह बबला ने दी, वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्री व पुत्र समेत भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।

उपकेंद्रों के लिए अब तक नहीं हो सका है भूमि का आवंटन


# विद्युत समस्याओं के निराकरण के लिए शहरी क्षेत्र में बनाए जाएंगे 5 विद्युत उपकेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहरी क्षेत्र की बढ़ती विद्युत जरूरतों की पूर्ति के लिए विभाग शहर में अलग-अलग स्थानों पर पांच विद्युत उपकेंद्र बनाने की योजना बनाई है। विद्युत उपकेन्द्र के लिए जगह उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण बात आगे नहीं बढ़ पा रही है। जगह उपलब्ध होने के बाद विभाग शासन को निर्माण का प्राक्कलन भेजता है जिसके बाद इसकी स्वीकृति मिलती है।

**खास बात**
- नए उपकेन्द्र बनने से विद्युत समस्याओं का होगा त्वरित निराकरण

संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर का विकास तेजी से हो रहा है तथा क्षेत्र की आबादी बढ़ने के साथ ही बिजली की मांग भी बढ़ रही है। लगातार बढ़ती विद्युत की मांग की पूर्ति के लिए विद्युत संसाधनों को बढ़ाने की जरूरत महसूस की जा रही है। विद्युत अधिकारियों के अनुसार हर साल शहर में औसत 200 से 250 एम्पीयर बिजली की मांग बढ़ रही है। पिछले सालों की तुलना में इस बार गर्मी में विद्युत की खपत में बेतहाशा वृद्धि दर्ज की गई है। वैसे तो गर्मी के मौसम में हर साल बिजली की खपत बढ़ती है लेकिन पिछले सालों की तुलना में इस बार खपत में अत्यधिक वृद्धि हुई है। फरवरी के महीने शहरी क्षेत्र में विद्युत की खपत 2100 एम्पीयर हो रही थी जो अप्रैल में बढ़कर 2736 एम्पीयर पहुंच गई। अप्रैल महीने में विद्युत खपत में 636 एम्पीयर की वृद्धि दर्ज की गई है। जून के प्रारंभ में प्री-मानसून की बारिश होने के बाद खपत में कुछ कमी आई है। लेकिन अभी भी खपत असामान्य नहीं हुई है। वर्तमान में पूरे शहर में 45.5 मेगावाट बिजली की खपत हो रही है। अप्रैल में 5.5 मेगावाट विद्युत खपत बढ़ी जबकि जून में बारिश होने के कारण 1.5 मेगावाट खपत कम हुई है। बारिश होने के बाद उमस बढ़ गई है तथा अभी भी चिलचिलाती धूप निकल रही है जिसके कारण उसम एवं गर्मी से राहत के लिए लोग दिन रात एसी एवं कूलर का उपयोग कर रहे हैं। मानसून की झमाझम बारिश होने के बाद ही गर्मी की तपिश में कमी आने की उम्मीद है तथा जुलाई के बाद विद्युत खपत में धीरे-धीरे कमी आने की संभावना जताई जा रही है। खपत बढ़ने के कारण आए दिन ट्रांसफार्मर फेल होने, जम्पर ब्रस्ट होने सहित विद्युत उपकरणों में तकनीकी खराबियां आ रही हैं साथ ही आपूर्ति बाधित हो रही है। विद्युत खपत में बेतहाशा वृद्धि होने के पीछे रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि होने के बाद इण्डक्शन के अधिक उपयोग को बताया जा रहा है। लोगों में एसी,कूलर के साथ ही विद्युत आधारित उपकरणों के लगातार बढ़ रहे उपयोग को भी बड़ा कारण माना जा रहा है। विद्युत अधिकारियों का कहना है कि नए विद्युत उपकेंद्र बनने से खपत का दबाव कम होगा साथ ही लोगों को गुणवत्तायुक्त बिजली उपलब्ध हो सकेगी।



### तीन फीडर की लम्बाई अधिक

शहर में तीन फीडर ऐसे हैं जिनकी लम्बाई काफी अधिक है। इस विद्युत लाइन में फाल्ट आने पर सुधार में काफी समय लगता है। विद्युत लाइन की लम्बाई अधिक होने के कारण फाल्ट ढूंढने में ही काफी समय लग जाता है। शहर का शिकारी रोड फीडर घुटरापारा से लेकर साक्षरता मार्ग तक वही खैरबार फीडर कई ग्रामीण क्षेत्रों से होते हुए लमगांव तक फैला है। इसी तरह तकिया फीडर शहर के बीच जोड़ा पीपल, केदारपुर तक विस्तारित है। विद्युत समस्याओं के निराकरण के लिए विभाग ने सांडबार से शहर के बाबूपारा तक विस्तारित किया है। विभाग द्वारा शहर के चारो तरफ रिंग रोड पर 33 केवी विद्युत लाइन का विस्तार करने की योजना बनाई गई है। इसी तरह बिशुनपुर, खड़गवां एवं लखनपुर को भी 33 केवी विद्युत लाइन से जोड़ने की योजना बनाई गई है। हालांकि वर्तमान में शहर के बिशुनपुर में एकमात्र 132 केवी विद्युत उपकेन्द्र से विद्युत आपूर्ति की जा रही है। लम्बे समय से अतिरिक्त 132 केवी उपकेन्द्र की जरूरत महसूस की जा रही है।

### इन क्षेत्रों में विद्युत उपकेन्द्र का प्रस्ताव

विद्युत जरूरतों एवं बिजली के लम्बी लाइन को छोटा करने के साथ ही समय-समय पर आने वाली तकनीकी खामियों के निराकरण के लिए पुराना बस स्टैण्ड स्थित राज परिवहन डीपो, घुटरापारा स्थित महामाया पहाड़, गहिरा गुरू वार्ड, भट्ठापारा, गंगापुर वार्ड में नया विद्युत उपकेन्द्र खोलने की योजना बनाई गई है। इन क्षेत्रों में शासकीय भूमि भी उपलब्ध है।

### मानसून पूर्व मेंटेनेंस का इंतजार

बरसात सिर पर है तथा तीन-चार दिनों में मानसून की बारिश शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। विभाग हर साल बरसात के पूर्व विद्युत लाइन की सुरक्षा के लिए रख-रखाव का कार्य करता है साथ ही विद्युत लाइन के आसपास के पेड़ों की डालियों की कटाई-छटाई करवाता है ताकि आंधी-बारिश के दौरान पेड़ों डालियों से विद्युत लाइन सुरक्षित रहे। इस बार ऐन समय पर सुशासन तिहार का आयोजन होने के कारण विभाग आधे-अधूरे क्षेत्रों में ही मेंटेनेंस का कार्य करा पाया है। ऐसे में बारिश का मौसम शुरू होने पर पेड़ों की डालें टूटने से बार-बार विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

### तीन कर्मचारियों के भरोसे एक जोन की व्यवस्था

विभाग ने विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर सुधार की जिम्मेदारी ठेकेदार को सौंप दी है। ठेकेदार द्वारा 20 हजार की आबादी वाले जोन में विद्युत लाइन में आए फाल्ट को सुधारने के लिए मात्र तीन कर्मचारियों को तैनात किया गया है। एक साथ कई स्थानों पर फाल्ट आने की स्थिति में कर्मचारियों को फाल्ट सुधारने में घंटों का समय लगता है तथा क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विभाग द्वारा शहर को तीन जोन में बांटा गया है। जोन-1 एवं 2 की आबादी 20 हजार से अधिक है साथ ही दोनों का क्षेत्र भी बड़ा है वहीं जोन-3 की आबादी मात्र 10 हजार है। विद्युत अधिकारियों का कहना है कि पूर्व की व्यवस्था के अनुसार ठेकेदार को हर जोन में 3-3 कर्मचारियों के एक-एक गैंग की स्वीकृति दी गई है। अधिक आबादी वाले दो जोन में एक-एक गैंग बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

वर्तमान जरूरतों को देखते हुए पांच नए विद्युत उपकेंद्र खोलने की जरूरत है। उपकेन्द्रों के लिए जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेजकर शासकीय भूमि की मांग की गई है। भूमि का आवंटन होते ही प्राक्कलन शासन को भेजा जाएगा। सोमवार से मानसून पूर्व का रख-रखाव कार्य भी प्रारंभ किया जाएगा। शहर के दो बड़े जोन में सुधार कार्य के लिए भी गैंग बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

-जेपी राजवाड़े
ईई, विद्युत संभाग शहर

# पम्प व ढाबे में उपद्रव व लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जयनगर थाना क्षेत्र के शशिपुर-केनापारा स्थित मां बाला सुंदरी पंप के पास बीते दो दिनों में हुई घटनाओं ने इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पंप संचालक एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ललित गोयल ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

- पुलिस के हाईवे पेट्रोलिंग पर उठ रहे सवाल

शिकायत के अनुसार, 11 जून की रात करीब 1 बजे लाल रंग की कार से पहुंचे तीन-चार युवकों ने पंप के बगल स्थित ढाबे पर पहुंचकर गाली-गलौज करते हुए दरवाजा खुलवाने का दबाव बनाया। ढाबे में उस समय दो-तीन महिलाएं मौजूद थीं। दरवाजा नहीं खोलने पर युवकों ने बाहर से कुंडा लगाकर वहां से चले गए। इस संबंध में 12 जून को जयनगर थाना में लिखित शिकायत दी गई। इसके बाद 13 जून की रात करीब 2 बजे तीन-चार युवक बाइक से पंप के पास पहुंचे और वहां खड़े एक ट्रक चालक के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि युवकों ने ट्रक चालक से 7 से 8 हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन, पर्स और ड्राइविंग लाइसेंस भी लूट लिया। पीड़ित ट्रक चालक ने घटना की लिखित शिकायत जयनगर पुलिस थाना में दर्ज कराई है। ललित गोयल ने कहा कि केनापारा क्षेत्र असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है। उनका आरोप है कि यदि पहली घटना के बाद पुलिस ने प्रभावी गश्त और सर्चिंग की होती, तो संभवतः ट्रक चालक के साथ यह वारदात नहीं होती।

घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने, असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। वहीं पुलिस ने शिकायतों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कॉलेज भवन विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की नींव, विधायक प्रबोध मिंज ने किया कॉलेज भवन निर्माण का भूमि पूजन

**अम्बिकापुर।** क्षेत्रीय विधायक प्रबोध मिंज ने शुक्रवार को नवीन शासकीय महाविद्यालय भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। कॉलेज भवन निर्माण के लिए शासन द्वारा 4.49 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस अवसर पर विधायक श्री मिंज ने कहा आज का दिन लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है। यह भवन केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की नींव है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही युवाओं के सपनों को नई उड़ान मिलती है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त महाविद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि नए भवन में प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं स्मार्ट क्लास जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे धौरपुर एवं आसपास के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने गुरूजनों से विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने तथा विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों से महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने तथा अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जिला मंत्री वैभव सिंहदेव, विधायक प्रतिनिधि जयंत मिंज, मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता, सतीश जायसवाल, सरपंच वकील कुजूर, जगत राम, रामनिवास टेकाम, प्रदीप पावले सहित किशोर कुजूर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, ग्रामीण एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



मोर गांव-मोर पानी के तहत चलाया गया अभियान

# सांसद चिंतामणी महराज ने खेत में गड्ढा खोदकर दिया जल संरक्षण का संदेश

**राजपुर।** जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत राजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढाबगीचा में मोर गांव-मोर पानी महा अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरगुजा सांसद चिंतामणी महराज ने स्वयं खेत में गड्ढा खोदकर अभियान की शुरुआत की और ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनसहभागिता के माध्यम से 5 प्रतिशत मॉडल को बढ़ावा देना है, जिसके तहत किसान अपने खेत के एक हिस्से में जल संरक्षण संरचनाएं विकसित कर वर्षा जल का संग्रहण करेंगे। इससे भू-जल स्तर बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और भविष्य में जल संकट से बचाव की दिशा में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। इस अवसर पर सरगुजा सांसद चिंतामणी महराज ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए आज से ही जल संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयास करना आवश्यक है। उन्होंने शासन की विभिन्न जल संरक्षण योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ने और अपने गांव को जल समृद्ध बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे, पंचायत इंस्पेक्टर फुलमोहन राम, पूर्व सरपंच ललन राम, सचिव देवीदयाल मरावी, रामदीन राम, कृष्णा गुप्ता, विक्की गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# आजादी के बाद भी सड़क को तरस रहे ग्रामीण

**रामानुजगंज।** नगर सीमा से लगे ग्राम पुरानडीह के ग्रामीणों ने वर्षों पुरानी सड़क समस्या को लेकर एक बार फिर आवाज बुलंद की है। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के बाद से अब तक गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का डामरीकरण नहीं हो सका है, जिससे बरसात के दिनों में आवागमन गंभीर रूप से प्रभावित हो जाता है।

- पुरानडीह में डामरीकरण की मांग

सोमवार को पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बीडी लाल गुप्ता, सुनील कन्हरे, मदन राम, रघुनाथ कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग उठाते हुए शासन-प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। ग्रामीणों ने बताया कि रामानुजगंज नगर से सटे होने के बावजूद पुरानडीह सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि हल्की बारिश में ही मार्ग कीचड़ से भर जाता है। बरसात के मौसम में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है, जिससे स्कूली बच्चों, मरीजों, किसानों और दैनिक आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बी लाल गुप्ता ने कहा कि पुरानडीह की सड़क लंबे समय से उपेक्षा का शिकार है। नगर सीमा से लगे गांव में आज तक डामरीकृत सड़क नहीं बनना विकास के दावों पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। आगामी बरसात को देखते हुए लोगों की चिंता बढ़ गई है। यदि समय रहते सड़क निर्माण नहीं कराया गया तो बरसात के दौरान स्थिति और भी विकट हो सकती है। ग्रामीणों ने शासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि पुरानडीह सड़क का शीघ्र डामरीकरण कराया जाए, ताकि वर्षों से चली आ रही इस समस्या का स्थायी समाधान हो सके और ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

# युवक ने मंदिर में की तोड़फोड़, लोगों ने की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

गांव में स्थित हिंदू आस्था का केंद्र हनुमान मंदिर में घुसकर एक युवक द्वारा बजरंगबली की मूर्ति क्षतिग्रस्त करने की घटना सामने आई है। इस घटना के बाद यह खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। मौके पर काफी संख्या में ग्रामवासी जमा हो गए और मूर्ति खंडित करने वाले युवक की जमकर धुलाई कर दी। धुलाई करने के बाद युवक को घटना की सूचना पर गांव पहुँची पुलिस के हवाले कर दिया गया।

- पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

उक्त घटना ग्राम सहनपुर की है जहां शनिवार की सुबह दस बजे स्थानीय युवक 34 वर्षीय राजेंद्र खलखो उर्फ भंडारी आ. फुर्तिराम गांव में स्थित हनुमान मंदिर पहुंचा। इस दौरान युवक ने मंदिर का दरवाजा खोलकर गर्भगृह में प्रवेश किया और वहां स्थापित बजरंगबली की मूर्ति को खंडित कर दिया। इस घटना के बाद युवक भागने लगा लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया। इस घटना की खबर गांव में आग की तरह फैल गई और देखते भर में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस को भी इस घटना के बारे में सूचना दे दी गई। पुलिस के गांव पहुंचने से पहले लोगों ने युवक की जमकर पिटाई करते हुए उस पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर भारी सुरक्षा में लेकर थाने पहुंची। थाने लाने के बाद पुलिस ने इस मामले में धारा 298 के तहत अपराध दर्ज करते हुए जेल भेज दिया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक रघुनाथ राम भगत एवं पुलिस बल सक्रिय थे।






# भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने पीड़ितों को दी निःशुल्क विधिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा विधि प्रकोष्ठ द्वारा शनिवार को संकल्प भवन में निःशुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन कर नागरिकों की विधिक समस्याओं का निराकरण के लिए आवश्यक कानूनी परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में मैनपाट के कमलेश्वरपुर निवासी अहिवरन दास एवं मटकू दास अपने पारिवारिक बंटवारा संबंधी प्रकरण को लेकर वहीं राम उरांव अपने चार भाइयों के मध्य भूमि विवाद संबंध मामले के समाधान हेतु शिविर में पहुंचे। ग्राम भकुरा के बिजली उपभोक्ता लवांग साय अपनी पत्नी प्रभा विश्वकर्मा अत्यधिक बिजली बिल 38660 रूपये के निराकरण हेतु आए थे। प्रकरणों में उपस्थित अधिवक्ताओं ने निःशुल्क विधिक सहायता एवं कानूनी परामर्श प्रदान किया गया एवं निःशुल्क आवेदन बनाकर हितग्राहियों को दिया। शिविर में जिला संयोजक जनमेजय पाण्डेय ने कहा कि विधिक सहायता शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को सरल एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। भविष्य में भी विधि प्रकोष्ठ द्वारा इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में विद्याभूषण श्रीवास्तव, जिला महामंत्री विनोद हर्ष, अधिवक्ता श्यामलाल गुप्ता, संजीव कुमार सेठ, अरविन्द कन्नौजिया, उदयप्रकाश सिन्हा, श्रीमती आशा जायसवाल, विवेक पाण्डेय, धनंजय मिश्रा आदि उपस्थित थे।



## पेज 1 के शेष...

### एनएच पर बस चालक-परिचालक...

उसने अपराध करना स्वीकार करते हुए अपने अन्य साथियों के नाम भी बताए। इसके बाद पुलिस ने प्रिंस कुमार दूबे, चंचलेश मंडल उर्फ बिट्टू, तथा दिनेश कुमार उर्फ निरहुआ को अलग-अलग स्थानों से हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, सभी आरोपियों ने वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस ने मुख्य आरोपी जितेन्द्र गुप्ता के कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई बोलेरो वाहन क्रमांक यूपी 64 एटी 6717 को जब्त कर लिया है। पुलिस ने मामले में रामानुजगंज थाना क्षेत्र के भवानीपुर निवासी 30 वर्षीय जितेन्द्र गुप्ता आ. स्व.शिवकुमार गुप्ता, तेतरडीह निवासी 27 वर्षीय प्रिंस कुमार दुबे आ. शशिभूषण दुबे, धनगांव निवासी 21 वर्षीय चंचलेश मंडल उर्फ बिट्टू आ. चन्द्रशेखर मंडल व तातापानी नवाडीह निवसी 20 वर्षीय दिनेश कुमार उर्फ निरहुआ आ. राजेन्द्र रवि को बीएनएस की धारा 126(2), 309(6), 310(2), 296, 115(2), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

